

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक I st ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 20 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 20 दिसंबर का इतिहास

- **1876 :** महान कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम की रचना की।
- **1757 :** लार्ड क्लाईव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया।
- **1955 :** भारतीय गोल्फ संघ का गठन किया।
- **1946 :** महात्मा गांधी श्रीरामपुर में एक महीने तक रूके।
- **1990 :** भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए।
- **1924 :** जर्मनी में एडोल्फ हिटलर की जेल से रिहाई हुई।

## 20 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया है कि वह नैनीताल बैंक लिमिटेड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचेगी। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की नैनीताल बैंक में 98.57 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। बैंक ऑफ बड़ौदा के बोर्ड ने हिस्सेदारी हासिल करने के लिए इच्छुक पार्टियों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मांगने के लिए विज्ञापन जारी करने को भी मंजूरी दी है।
- नौ देशों के एक समूह ने वियतनाम के साथ 15.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे को मंजूरी दी है ताकि इसे जलवायु को नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके। नॉर्वे और डेनमार्क के साथ सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह ने कहा कि इसका उद्देश्य 2050 तक वियतनाम को अपने उत्सर्जन को नेट जीरो तक कम करने में मदद करना है। विकासशील और अमीर देश कई समझौतों पर चर्चा कर रहे है।
- सरकार द्वारा रक्तसे कार्पो को भौगोलिक संकेतक प्रदान किया गया है। रक्तसे कार्पो, लद्दाख का प्रसिद्ध खुबानी फल है। केंद्र सरकार को पहला आवेदन किए जाने के दो साल बाद क्षेत्र की मूल खुबानी को यह टैग मिला है। इसके साथ ही वर्तमान पंजीकृत भौगोलिक संकेतकों की कुल संख्या बढ़कर 432 हो गई है, जिनमें से 401 भारतीय मूल के उत्पाद हैं जबकि 31 विदेशी मूल के है।
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने नवंबर 2022 के लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा प्रकाशित रैंकिंग रिपोर्ट में लोक शिकायतों के निवारण के लिए सभी समूह ए मंत्रालयों, विभागों और स्वायत निकायों में एक बार फिर पहला रैंक प्राप्त किया है। यह लगातार चौथा महीना है, जब भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को सार्वजनिक नेतृत्व के लिए एसआईईएस राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में अन्य पुरस्कार विजेताओं में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा, प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ मार्तंड वर्मा शंकरन वलियानाथन, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार अजय सूद और प्रसिद्ध हरिकथा कलाकार विशाखा हरि शामिल थे।
- नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा अपने नए उपग्रह मिशन को लॉन्च किया जा रहा है। यह उपग्रह सरफेस वाटर एंड ओशन टोपोग्राफी है। इसका उद्देश्य खुले डेटा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन हेतु समुदाय केंद्रित समाधान प्रदान करना है। इस लॉन्चिंग के लिए नासा ने एलोन मस्क की कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज का चयन किया है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेरेमी फरार को नया चीफ साइंटिस्ट नियुक्त किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि जेरेमी फरार इसके नए चीफ वैज्ञानिक होंगे और एजेंसी महामारी के बाद की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। इससे पहले सौम्या स्वामीनाथन संगठन के चीफ वैज्ञानिक की भूमिका निभा रहे थे जो कि नवंबर में पदमुक्त हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस के दूसरे कार्यकाल को लेकर यह नियुक्त की गई है।
- मेघालय सरकार जिसने क्षय रोग के खिलाफ एक जन आंदोलन अपनाया है, को भारत में हर साल 2.6 मिलियन लोगों को प्रभावित करने वाली बीमारी को नियंत्रित करने के लिए सर्वोतम प्रथाओं के लिए पुरस्कृत किया गया है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवोन्मेष पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर भारतीय रेलवे को वर्ष 2022 के लिए नौ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त हुए। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में एक समारोह का आयोजन किया, जहां पुरस्कार प्रदान किए गए।
- आर्कटिक में ठंड और फ्रोजन स्थिति तेजी से बदल रही है क्योंकि यह गर्म हो रहा है। अधिक वर्षा अब आर्कटिक में देखी जा रही है। नदी और झील की बर्फ पतली हो रही है। आर्कटिक में जहाजों का आवागमन बढ़ रहा है। ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर वैश्विक समुद्र स्तर को ऊपर उठा रही है। वर्षा इस नये वर्षण का मुख्य रूप है। यह कभी-कभी सर्दियों के दौरान और वर्ष के जमे हुए समय में गिरती है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 19 दिसंबर (B) 20 दिसंबर
(C) 21 दिसंबर (D) 22 दिसंबर


**(B)** 20 दिसंबर को हर साल अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने विविधता में एकता के महत्व को समझाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। यह ऐलान 2005 में किया गया था। तब से अब तक हर साल 20 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है।




**2. हाल ही में भारत के किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने सभी परिवारों के लिए एक यूनिक अल्फा न्यूमेरिक पहचान संख्या शुरू करने की घोषणा की है ?**

(A) जम्मू और कश्मीर (B) गोवा
(C) गुजरात (D) कर्नाटक

**(A)** जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश के परिवारों को आठ अंकों की विशिष्ट अल्फा-न्यूमेरिक पहचान संख्या जारी करेगा। युनीक फैमिली आईडी का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को तेजी से और पारदर्शी रूप से लागू करना है। इस परिवार आईडी का उपयोग कई सामाजिक कल्याण प्रणालियों के प्राप्तकर्ताओं की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए भी किया जाएगा।



**3. हाल ही में किस राज्य के वन विभाग ने प्रोजेक्ट वणीकरण लॉन्च किया ?**

(A) ओडिशा (B) तेलंगाना
(C) हिमाचल प्रदेश (D) केरल

**(D)** केरल वन विभाग ने नूलपुझा ग्राम पंचायत के सहयोग से आक्रामक पौधों, विशेष रूप से सेन्ना स्पेक्टेबिलिस को जड़ से खत्म करने और प्राकृतिक वनों को बहाल करने के लिए वणीकरण परियोजना शुरू की है। यह परियोजना वायनाड वन्यजीव अभयारण्य के सुल्तान बाथरी वन रेंज के तहत 30 हेक्टेयर वनभूमि पर क्रियान्वित की जा रही है, जहां सेना स्पेक्टेबिलिस, यूपेटोरियम, मिकानिया माइक्रांथा और लैंटाना कैमरा सहित विदेशी आक्रामक पौधे, स्थानीय प्रजातियों के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहे है।



**4. हाल ही में हाइपरसोनिक व्हीकल का सफल परीक्षण किसने किया ?**

(A) नासा (B) इसरो
(C) DRDO (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** इसरो ने बताया कि हेड क्वाटर ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ का हाइपरसोनिक के साथ परीक्षण सफल रहा। इसरो ने बयान जारी कर कहा कि संयुक्त हाइपरसोनिक वाहन के अपने पूर्व हासिल कर लिया। इसरो ने बताया कि इसरो और जेएसआईआईसी ने संयुक्त रूप से हाइपरसोनिक वाहन परीक्षण किए हैं।




**5. हाल ही में किस बैंक ने चार साल में 1.65 लाख करोड़ रूपये का कर्ज राइट ऑफ किया है ?**

(A) SBI (B) BOB
(C) PNB (D) ICICI बैंक

**(A)** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले चार वित्त वर्षो में 1.65 लाख करोड़ रूपये के लोन को राइट-ऑफ किया है। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक का स्थान आता है, जिसने 59,807 करोड़ रूपये को लोन को राइट ऑफ किया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2021-22 में 19,666 करोड़ रूपये के लोन को राइट ऑफ किया है।



**6. हाल ही में किस संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय जलवायु क्लब की स्थापना की ?**

(A) G-7 (B) विश्व बैंक

(C) G-20 (D) सार्क

**(A)** ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए और सभी देशों को एक साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए G-7 ने अंतर्राष्ट्रीय जलवायु क्लब की स्थापना की है। इस अंतर्राष्ट्रीय जलवायु क्लब का उद्देश्य ग्रीन एनर्जी के लिए औद्योगिक संक्रमण को गति देना और अधिक उत्सर्जन घटाने की रणनीति तैयार करना है।



**7. हाल ही में 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में दिव्या टीएस ने कौनसा पदक जीता ?**

(A) कांस्य पदक (B) रजत पदक

(C) स्वर्ण पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** कर्नाटक की दिव्या टीएस ने 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की संस्कृति बाना को हराकर अपना पहला महिला 10 मीटर एयर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। दिव्या ने स्वर्ण पदक के मैच में संस्कृति को 16-14 से हराया। इस स्पर्धा में हरियाणा की रिदम सांगवान ने कांस्य पदक जीता।




**8. फिशिंग कैट किस भारतीय राज्य का राज्य पशु है ?**

(A) पश्चिम बंगाल (B) हरियाणा

(C) ओडिशा (D) असम

**(A)** हाल ही में सामने आए एक अध्ययन के अनुसार सुंदरबन टाइगर रिजर्व में 385 फिशिंग कैट मौजूद है। फिशिंग कैट दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में एक मध्यम आकार की जंगली बिल्ली है। यह पश्चिम बंगाल का राज्य पशु है। यह भारतीय वन्यजीव अधिनियम 1972 की अनुसूची 1 में शामिल है।



**9. हाल ही में किस देश को महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग से बाहर कर दिया गया है ?**

(A) रूस (B) ईरान

(C) फ्रांस (D) जापान

**(B)** अमेरिकी के एक प्रस्ताव के बाद ईरान को संयुक्त राष्ट्र महिला समूह से बाहर कर दिया गया है। भारत ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध मुख्य वैश्विक अंतर सरकारी संगठन संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद से ईरान को हटाने के लिए की गई वोटिंग में भाग नहीं लिया है।



**10. असम समझौते पर किस वर्ष हस्ताक्षर किए गए है ?**

(A) 1983 (B) 1984

(C) 1985 (D) 1986

**(C)** हाल ही में एक संविधान पीठ ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6A को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध किया है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6A उन अवैध अप्रवासियों को नागरिकता की अनुमति देती है, जो मार्च 1971 से पहले असम में प्रवेश कर गए थे। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार द्वारा 15 अगस्त 1985 को असम आंदोलन के नेताओं के साथ असम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

